टॉप 10 अपराधी को मानपुर से पुलिस ने किया गया गिरफ्तार

नवबिहार दूत संवाददाता

बिहार शरीफ: बिहार शरीफ अनुमंडल के टॉप 10 अपराधी की सूची में शामिल बीथू यादव को मानपुर से गिरफ्तार किया गया है। सदर डीएसपी नुरुल हक ने बताया की बीथू यादव मानपुर थाना क्षेत्र के गोंगड़ी पर गांव का रहने वाला है गांव में ही एक महिला को गोली मारकर भाग रहा था उसी दौरान पुलिस की टीम द्वारा रंग विजेंद्र यादव के पुत्र बीथू यादव को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी बिहार शरीफ अनुमंडल के टॉप 10 अपराधी की सूची में शामिल है।

करंट से किसान की मौत परिवार वालो का रो रो कर बुरा हाल.....

नवबिहार दूत संवाददाता

नूरसराय। थाना क्षेत्र के पपरनीसा गाँव मे करंट से एक किसान की मौत हो गई। मृतक मन्नु कुमार सिंगल गोप के 24 वर्षीय पुत्र थे ग्रामीणों ने बताया कि धान की रोपनी हो रही थी धान की मोरी का बोझा धान का खेत मे ले जाने के क्रम में करंट के चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत हो गई मृतक मन्नु का परिवार का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक का दो दो छोटी बेटी है ।

घटना की जानकारी मिलते ही पपरनीसा पंचायत के मुखिया व मुखिया संघ के अध्यक्ष अमरेन्द्र कुमार उर्फ पप्पू मुखिया मृतक के घर पहुँच कर पीड़ित परिवार को संतावना दिया और कहा कि दुख की इस घड़ी में भगवान इस परिवार को धैर्य दे एवं भगवान उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे।

आवेदक द्वारा दिये गये दस्तावेजों से प्रथम दृष्टया सत्य प्रतीत होता है

नवबिहार दूत संवाददाता

नालन्दा। शशांक शुभंकर, जिलाधिकारी, नालंदा द्वारा कार्यवाई के तहत श्री विकास कुमार पारसवान, ग्राम मकदुमपुर, पो० छबिलपुर, थाना मानपुर, जिला-नालन्दा के द्वारा जिला सामान्य शाखा, नालन्दा में कार्यरत निम्न वर्गीय लिपिक श्री पंकज कुमार के विरुद्ध आरोप लगाया गया है कि चौकीदार के पद पर नियुक्ति कराने के लिए उनसे 30000/- (तीस हजार) रुपए लिया गया है। उक्त आरोप गंभीर प्रकृति के है और आवेदक द्वारा दिये गये दस्तावेजों से प्रथम दृष्टया सत्य प्रतीत होता है। अतः उक्त आरोप की जांच हेतु उप विकास आयुक्त नालन्दा की अध्यक्षता में जिला निगरानी धावा दल को प्राधिकृत किया जाता है। उक्त अवधि में जांच प्रभावित न हो एवं आरोप की गंभीरता को देखते हुए श्री पंकज कुमार, नि०व० लिपिक जिला सामान्य शाखा, नालन्दा को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में मुख्यालय प्रखण्ड कार्यालय नूरसराय निर्धारित किया जाता है। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन यापन भत्ता निर्धारित मुख्यालय से प्राप्त उपस्थिति विवरणी के आधार पर देय होगा।

एकंगरसराय रेलवे स्टेशन पर चापाकल और शौचालय का नहीं होने से यात्री परेशान

नवबिहार दूत संवाददाता

एकंगरसराय नालंदा: एकंगरसराय रेलवे स्टेशन पर चापाकल और शौचालय नहीं होने से यात्री परेशान बताया जाता है कि एकंगरसराय रेलवे स्टेशन पर एक भी चापाकल और शौचालय नहीं है जिससे यात्री को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है.

एकंगरसराय रेलवे स्टेशन पर एकंगरसराय तेल्हारा इस्लामपुर परवलपुर से लेकर दूर-दूर के इलाके के लोग ट्रेन पकड़ने के लिए लोग आते हैं एकंगरसराय जिला परिषद उत्तरी के प्रतिनिध सह समाज सेवी संतोष कुमार ने दुख प्रकट किया और कहा कि रेलवे विभाग से लेकर कोई भी नेता या पदाधिकारी का ध्यान एकंगरसराय रेलवे स्टेशन पर नही है एकंगरसराय के समाज से भी मनोरंजन कुमार ने भी दुख प्रकट करते हुए कहाकी एकंगरसराय रेलवे स्टेशन पर शौचालय एवं चापाकल रहनी चाहिए लेकिन बड़ा ही दुर्भाग्य की बात है कि यहां एक भी चापाकल या शौचालय नहीं है जिससे यात्री को कठिनाई का सामना करना पड़ता है रेलवे स्टेशन पर लगभग 500 से 1000 व्यक्ति प्रतिदिन ट्रेन चने के लिए आते और जाते हैं लेकिन किसी का ध्यान शौचालय और चापाकल पर नहीं है.

स्वर्ण पदक विजेता का रेलवे स्टेशन पर किया गया स्वागत

नवबिहार दूत संवाददाता

हरनौत: पैरालंपिक कमिटी ऑफ इंडिया के द्वारा बेंगलूरू के श्री कंटिरवा स्टेडियम में 13वीं नेशनल पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन किया गया था। इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता में देशभर के 210 खिलाड़ी विभिन्न विधाओं में शामिल हुए थे। जिसमें बिहार के युवा खिलाड़ियों ने दो गोल्ड समेत नौ मेडल अपने नाम कर सूबे का नाम रौशन किया है। जिसमें शनिवार को पदक विजेता गोल्डी कुमारी, नेहा कुमारी एवं धीरज कुमार का हरनौत रेलवे स्टेशन पर पहुंचने पर समाजसेवी सह उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सुरेश सिंह, नालंदा लक्ष्य खेल अकादमी से जुड़े प्रमोद कुमार, समाजसेवी चंद्र उदय कुमार, स्टेशन प्रबंधक जी पासवान समेत ने फूल का माला का पहनाकर कर एवं गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर इन खिलाड़ियों को बधाई देते समाजसेवी श्री सुरेश ने कहा कि गोल्डी एक शेरनी की तरह खेली। बचपन में वह एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना में अपना बायां हाथ खो चुकी है।

बावजूद उसका हौसला सबों के लिए प्रेरणा है। कोच कुंदन कुमार पांडेय ने बताया कि नालंदा लक्ष्य खेल अकादमी के बैनर तले नालंदा व नवादा जिले के पैरा खिलाड़ीयों को हरनौत बाजार के फुटबॉल स्टेडियम में लगातार अभ्यास कर रहे हैं। जहां बिहार पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के दिव्यांग बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने बहुत ही बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। इस अभ्यास में से 8 खिलाड़ी उक्त चैंपियनशिप में खेले थे। उनमें से चार ने मेडल जीता है। इन चार में से पहला मिशी गांव के गोल्डी कुमारी ने डिस्कस थ्रो ईवेंट में गोल्ड, सब जूनियर टीएफ 46 कैटेगरी के शॉटपुट ईवेंट व जेवलिन थ्रो ईवेंट में एक-एक सिल्वर मेडल जीता। दूसरा रहुई के इमामगंज गांव के नेहा कुमारी ने जूनियर टीएफ 47 कैटेगरी के लंबी कूद में गोल्ड मेडल तीसरा राजगीर आयुध कारखाना के सौम्या शरद चन्द्र ने जूनियर टी 20 कैटेगरी के 1500 मीआटर की दौड़ में सिल्वर पदक एवं चौथे में नवादा जिला के कौआकोल के धीरज कुमार ने जूनियर टी 46 कैटेगरी के 1500 मीटर दौड़ व जूनियर टीएफ 46 कैटेगरी के डिस्कस थ्रो ईवेंट में एक-एक कांस्य पदक जीत कर नालंदा लक्ष्य खेल अकादमी का नाम रौशन किया है। कोच कुंदन ने बताया कि सूबे को 9 मेडल मिला जिसमें से सात मेरे यहां के है। वाकि दो में अरसिया जिला के मुहम्मद मुसलिम ने 1500 मीटर दौड़ में रजत, जबकि मुंगेर जिला के हिमांशु कुमार ने शॉटपुट ईवेंट में कांस्य पदक शामिल है। वहीं इसके बाद स्थानीय बाजार के एक कोचिंग संस्थान में उक्त तीनों खिलाड़ियों (गोल्डी, नेहा व धीरज) को विवेक कुमार उर्फ अमित सर ने शॉल व माला पहनकर भव्य स्वागत किया। मौके पर पार्षद प्रतिनिधि मीलन कुमार, संतोष, विनय, दिनेश, रविकांत, त्रिभुवन, दीपक, विकास, आशीष, कन्हैया, रौनक, रानी समेत अन्य मौजूद थे।

महागठबंधन की ओर से श्रम कल्याण केंद्र के मैदान से निकाली गई प्रतिरोध मार्च

नवबिहार दूत संवाददाता

बिहार शरीफ: बिहार में बढ़ते अपराध के खिलाफ महागठबंधन की ओर से बिहार शरीफ के श्रम कल्याण केंद्र के मैदान से प्रतिरोध मार्च निकाला गया। इस प्रतिरोध मार्च में महागठबंधन के सभी घटक दल शामिल हुए और राज्य सरकार से बढ़ते अपराध पर लगाम लगाने की मांग किया। यह प्रतिरोध मार्च श्रम कल्याण केंद्र के मैदान से निकलकर समाहरणालय पहुची जहां जिलाधिकारी को आपन सौंपा। इस दौरान प्रतिरोध मार्च में शामिल लोगों ने बताया कि आम लोग तो दूर अब बड़े नेताओं के परिवार की हत्या हो रही है और राज्य सरकार का अपराधियो पर कोई लगाम नही है।

वर्चस्प को लेकर पूर्व मुखिया और वर्तमान मुखिया के बीच हुई मारपीट और गोलीबारी, 6 लोग हुये ज़ख्मी, 3 गिरफ्तार

नवबिहार दूत संवाददाता

बिहार शरीफ: दो पक्षों के बीच वर्चस्व को लेकर जमकर गोलीबारी और मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया घटना सारे थाना क्षेत्र के बेनार गांव की है जहां पूर्व मुखिया और वर्तमान मुखिया के समर्थकों के बीच जमकर मारपीट व गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया गया जिससे मारपीट में दो पक्षों से 6 लोग जख्मी हुए हैं सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल लाया गया जिसमें निशांत कुमार की स्थिति नाजुक बताते हुए हायर सेंटर रेफर किया गया है बताया जाता है कि दोनों पक्ष में वर्चस्व की लड़ाई चल रही है और यही कारण है कि पूर्व में भी मारपीट व कई वारदात की घटना को अंजाम दिया गया था। इस मामले में दोनो पक्ष की ओर से मारपीट और गोलीबारी का मामला सारे थाना मामला दर्ज कराया गया है। इस मामले में 3 लोगो को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी में शंभु शरण गुप्ता उर्फ पप्पू महतो, अंकित कुमार और चुनचुन यादव की गिरफ्तार किया गया है। सदर डीएसपी नुरुल हक ने बताया कि अमावां पंचायत के मुखिया प्रशांत कुमार उर्फ राजा मुखिया और पूर्व मुखिया पप्पू महतो के बीच बेनार गांव में मारपीट और गोलीबारी हुई थी इस मामले में दोनो पक्ष की ओर से प्राथमिकी दर्ज कराई गई है पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाई करते हुए 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिये छापेमारी की जारही है।

नप बोर्ड की बैठक 29 जुलाई को, हंगामेदार होने के आसार

नवबिहार दूत संवाददाता

राजगीर। ठीक सात महीने बाद होने वाली नगर परिषद बोर्ड की बैठक हंगामादार होने के आसार हैं। 29 जुलाई सोमवार को नगर परिषद बोर्ड के बैठक की सूचना कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा निर्गत किया गया है। सूत्रों की माने तो सात महीने बाद होने वाली इस सामान्य बोर्ड की बैठक में नालंदा विधायक सह ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, सांसद कौशलेन्द्र कुमार, एमएलसी सह जदयू के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार, एमएलसी रीना यादव और स्थानीय विधायक कौशल किशोर भी शामिल होंगे।

इसके पहले 29 दिसम्बर 2023 को बोर्ड की बैठक आयोजित की गयी थी। सात महीने से बोर्ड की बैठक नहीं होने के कारण नगर परिषद का वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट भी अबतक पारित नहीं कराया गया है। वार्ड पार्षदों में भी आक्रोश है। कहा जाता है कि पहले पदाधिकारी और जनप्रतिनिधियों में तालमेल नहीं होने के कारण नगर परिषद का विकास ठप रहा। फिर लोकसभा चुनाव को लेकर लागू आदर्श आचार संहिता के कारण कोई काम नहीं हुआ। प्रशिक्षु आईएएस कार्यपालक पदाधिकारी सुश्री दिव्या शक्ति कार्यों में पारदर्शिता बनाये रखने के लिए योजनाओं का क्रियान्वयन निविदा के माध्यम से करना चाहती थीं। लेकिन नगर परिषद के सभापति और उनके प्रतिनिधि योजनाओं का क्रियान्वयन विभागीय कराना चाहते थे। इसी खींचतान में उस समय विकास का कोई काम नहीं हो सका।

बोर्ड से पारित योजनाएं सांचिकाओं की शोभा बन कर रह गयी है। लम्बे अर्से बाद होने वाली इस बोर्ड बैठक में केवल एक एजेण्डा सामान्य बजट 2024-25 पर विचार विमर्श करना है। बैठक में विकास एवं अन्यान्य विषयों पर चर्चा एजेण्डा में शामिल नहीं है। जानकार बताते हैं कि कोई भी बैठक आयोजित की जाती है, तो उसमें मुख्य एजेण्डा के अलावे अन्यान्य जरूर होता है। लेकिन इस बैठक में ऐसा नहीं कर परंपरा का माखौल उड़ाया गया है। इतने लम्बे अर्से बाद आयोजित इस बोर्ड की बैठक में वार्डों के विकास एवं अन्यान्य एजेण्डा में शामिल नहीं होने से वार्ड पार्षदगण गहरे नाराज हैं। नाराज वार्ड पार्षदों द्वारा मन का भड़ास बोर्ड की बैठक में निकालने की जबरदस्त तैयारी की जा रही है। सभापति, उपसभापति और कार्यपालक पदाधिकारी की नीतियों और मनमानी पर लगाम लगाने के लिए नाराज वार्ड पार्षद एकजुट हो रहे हैं। नाराज वार्ड पार्षदों की माने तो नगर परिषद, राजगीर धरोहरों के आकंठ में डूब गया है। पदाधिकारी कटपुतली की तरह काम कर रहे हैं। इसीलिये बैठक के एजेंडे में विकास आदि शामिल नहीं किया गया है। आरोप है कि वार्ड पार्षद चुनाव समाप्त होने और वार्ड पार्षदों के शपथग्रहण बाद किसी भी वार्ड में विकास की नींव नहीं रखी गयी है। आईएएस कार्यपालक पदाधिकारी के बाद संतोष कुमार नये कार्यपालक पदाधिकारी बनाये गये थे। लेकिन अल्प समय में ही उनका स्थानांतरण करा दिया गया। उनके द्वारा विकास का काम शुरू करने के लिए कुछ योजनाओं का निविदा निकाला गया था। लेकिन कुछ महीनों में ही उन्हें किसी का कोपभाजन बनना पड़ा और उनका तबादला करा दिया गया। नये कार्यपालक पदाधिकारी के आते ही बोर्ड की बैठक का सामना करना पड़ेगा। वह भी बजट जैसे महत्वपूर्ण एजेण्डा की। वार्ड पार्षदों की माने तो बजट बनाने के पहले वार्ड पार्षदों का सुझाव सभी जगह लिया जाता है। लेकिन यहाँ ऐसा नहीं किया गया है। तत्कालीन कार्यपालक पदाधिकारी शशिभूषण प्रसाद द्वारा तो बजट बनाने के पहले वार्ड पार्षदों के अलावे शहर के बुद्धिजीवियों से भी समाचारपत्रों में विज्ञापन निकालकर सुझाव मांगी गयी थी। आरोप है कि कुछ लोग अपने निजी लाभ-हानि को ध्यान में रखकर गुपचुप तरीके से बजट बनाते और बोर्ड से पास कराकर अपना स्वार्थ सिद्धि करते हैं। सूत्रों की माने तो राजकीय मलमास मेला - 2023 में जिनकी राशि (करीब डेढ़ करोड़ रुपये) के टेंट पंडाल एवं अन्य यात्री सुविधाओं के लिए निविदा निकाली गयी थी, उतनी ही राशि का निविदा आवणी मेला, राजगीर में आने वाले कांवरियों की सुविधा के एक निकाला गया है। इस आवणी मेला की बंदोबस्ती 32 लाख 29 हजार रुपये में हुई है। यह मामले को भी सामान्य बोर्ड की बैठक में जोरदार ढंग से उठाने की तैयारी की जा रही है।

सुखमय जीवन जीना है तो अपनायें परंपरागत तरीके

एग्रीकल्चर एंड फूड केमेस्ट्री पर किया गया सेमिनार का आयोजन

नवबिहार दूत संवाददाता

बिहार शरीफ: हरनौत आरपीएस कॉलेज में शनिवार को केमिस्ट्री डिपार्टमेंट के द्वारा एग्रीकल्चर एंड फूड केमेस्ट्री विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में आरएनएस कॉलेज बिहारशरीफ के प्राचार्य डॉ सत्येंद्र प्रसाद मौजूद रहे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कालेज के प्राचार्य डॉ उपेंद्र कुमार सिन्हा जबकि मंच का संचालन रवि कुमार ने किया।

मुख्य अतिथि डॉ सतेंद्र, प्राचार्य डॉ उपेंद्र समेत अन्य वक्ताओं ने विषय वस्तु पर अपने-अपने बातों से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि एग्रीकल्चर एंड फूड केमेस्ट्री जीवन का अंग है। जो जिंदगी के साथ साथ चलेगा। इसके बिना जिंदगी का कल्पना ही नहीं किया जा सकता है। पूर्व समय में पहले कौलरा, हैजा, मलेरिया, टीवी आदि अधिक होता था। लेकिन केमिस्ट्री के बदौलत ही काबू पाया। वर्तमान में कोरोना जैसे महामारी होने पर पहले लोग काल के गाल में समा जाते। लेकिन वैज्ञानिकों ने केमिस्ट्री के ही कारण लोगों का जान बचा सका। कोरोना जैसे महामारी पर काबू पाया। जिंदगी जीने के लिए हर समय शरीर बिना रसायन के जिंदा रह ही नहीं सकता। कहा कि जिंदगी जीने के लिए भोजन या उन चीजों पर रहना पड़ता है। भारत के कृषि प्रधान देश है इसका अर्थव्यवस्था कृषि पर आधारित है। आबाज भी करीब 1.40 करोड़ है।

बिना भोजन कोई जिंदा नहीं रह सकता है लेकिन पेस्टिसाइड के द्वारा ही सभी चीजों पर कब पाया जा सकता है। चूंकि या अन्य हानिकारक जीव जंतु ऐसे है जो अनाज को भारी मात्रा में क्षति पहुंचाते हैं जिस पर काबू पाने के लिए रसायन का जरूरत पड़ता है। इस इस दौरान कॉमर्स विभाग अध्यक्ष प्रो अनुपमा शुक्ला के द्वारा लिखित कॉमर्स बुक का विमोचन किया गया। इस मौके पर डॉ अनुज कुमार सिन्हा, प्रो कृष्ण कुमार, प्रो कृष्ण कुमार, प्रो अनुपमा शुक्ला, प्रो शंभु, प्रो अरुण, प्रो. उषा, जनक, शोभा, मीनू समेत अन्य मौजूद थे।

बावजूद लोगों को चाहिए कि वे परंपरागत तरीके से ही रहे, जिससे कि वे सुखमय जिंदगी व्यतीत कर सकें। बाहरी रसायन का उपयोग कम करें ताकि उसका कुप्रभाव ना हो।

मध्य विद्यालय महमदपुर का निरीक्षण किया गया

नवबिहार दूत संवाददाता

नालंदा: शशांक शुभंकर, जिलाधिकारी, नालंदा द्वारा ध्रमण कार्यक्रम के दौरान नगरनौसा प्रखंड अंतर्गत मध्य विद्यालय महमदपुर का निरीक्षण किया गया। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा जिलाधिकारी महोदय को बताया गया कि विद्युत वोल्टेज कम रहने के कारण नल जल प्रभावित हुए हैं। ग्रामीणों द्वारा की गई शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए जिलाधिकारी महोदय ने कार्यपालक अभियंता विद्युत एवं पीएचईडी को निर्देश देते हुए कहा कि विद्युत वोल्टेज बढ़ाकर नल जल योजना को हर हाल में आम जनता तक पहुंचना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, कार्यपालक अभियंता सहित स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

डीएम ने किया नवनिर्मित पुल का निरीक्षण

सड़क सुरक्षा के लिए दिए निर्देश

नवबिहार दूत संवाददाता

हरनौत: डीएम शशांक शुभंकर शनिवार को स्थानीय प्रखंड के द्वारिका विगहा स्थित बीपीआरएनएल के द्वारा नवनिर्मित पुल का निरीक्षण किया। इस भ्रमण कार्यक्रम के दौरान उन्होंने पुल की स्थिति का जायजा लिया और सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पहुंच पथ के बगल में केवर ब्लॉक लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने बीपीआर एनएल के कार्यपालक अभियंता राम सुरेश राय को इस कार्य को शीघ्रता से पूरा करने के लिए कहा ताकि मिट्टी के कटाव को रोका जा सके। स्थानीय ग्रामीणों की मांग पर श्री शुभंकर ने नवनिर्मित यात्री शेड के समीप एक चापाकल लगाने के आदेश भी दिए। इस दिशा में संबंधित पदाधिकारी को तुरंत आवश्यक कदम उठाने के लिए निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने ग्रामीणों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा और ग्रामीणों की सुविधाओं के प्रति प्रशासन सदैव संवेदनशील है और उनकी समस्याओं को समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाएं और विकास कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाए। इस मौके पर डीडीसी वैभव श्रीवास्तव, एसडीएम अभिषेक पलासिया, बीडीओ उजजवल कांत समेत अन्य मौजूद थे।

बिहार में हो रहा हर क्षेत्र का समुचित विकास:- मंत्री श्रवण कुमार

नवबिहार दूत संवाददाता

सिलाव प्रखंड के नीरपुर पंचायत स्थित नव नालंदा +2 इंटर विद्यालय में मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत नवनिर्मित गर्ल्स कॉमन रूम का उद्घाटन एवं ग्राम पंचायत नीरपुर के मिल्कीपर ग्राम में नवनिर्मित सामुदायिक भवन का उद्घाटन में बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार के द्वारा किया गया।

इस अवसर पर उन्होंने शिक्षा के महत्व पर बल देते हुए राज्य सरकार की विभिन्न शैक्षिक पहलों की सराहना की। मंत्री ने विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके पश्चात, उन्होंने विद्यालय के सेवानिवृत्त शिक्षक रेणु कुमारी निमाला कुमारी सेवानिवृत्त आदेशपाल नरेश शर्मा के विदाई समारोह में भी भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रवण कुमार ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। पहले स्कूलों में लड़कियों की संख्या बहुत कम थी, लेकिन साइकिल योजना जैसी पहलों के कारण अब उनकी भागीदारी में लगातार वृद्धि हो रही है। उन्होंने राज्य सरकार की प्रोत्साहन योजनाओं का उल्लेख करते हुए बताया कि सरकार मैट्रिक में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को 10, 000 रुपये, इंटरमीडिएट में 25, 000 रुपये और स्नातक स्तर पर 50, 000 रुपये का पुरस्कार दे रही है। शिक्षा के लिए मानव जीवन अधूरा है। यह समाज में सुधार का मुख्य माध्यम है। इसी उद्देश्य से राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न योजनाएं चला रही है और स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। शिक्षकों ने मंत्री के प्रयासों की सराहना की। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बताया कि नए कॉमन रूम से छात्राओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, जो उनके समग्र विकास में सहायक होंगी।

इस मौके पर डा अरविंद कुमार सिंह चौधरी गिरवरधारी प्रसाद मुन्ना कुमार डा धनंजय देव मुन्नी प्रसाद दिनेश कुमार पंकज कुमार रंजीत मुखिया दिनेश प्रसाद संजय कुशवाहा सुजीत कुमार एवं स्कूल के कई शिक्षक मौजूद रहे।

वृक्षारोपण गतिविधियों को प्राथमिकता दी

नवबिहार दूत संवाददाता

नालंदा सोशल चैरिटेबल ट्रस्ट पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहा है। संस्था ने वृक्षारोपण गतिविधियों को प्राथमिकता दी है और विभिन्न स्थानों पर व्यापक वृक्षारोपण अभियान आयोजित किए हैं। संस्था के सदस्य और स्वयंसेवक नियमित रूप से पौधारोपण करते

हैं और पर्यावरण की रक्षा के लिए लोगों को जागरूक करते हैं। उनका मानना है कि एक हरा-भरा पर्यावरण स्वस्थ समाज की नींव है और आने वाली पीढ़ियों को एक स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण प्रदान करना हमारी जिम्मेदारी है। पर्यावरण संरक्षण के इस मिशन के अंतर्गत, ट्रस्ट ने 'पृथ्वी बचाओ' अभियान की शुरूआत की है।

स्वामी, प्रकाशक, संपादक और मुद्रक अमरजीत मौआर द्वारा भारती प्रिंटिंग प्रेस चंडी, नालंदा, पिन कोड 803108 से मुद्रित एवं ग्राम पोस्ट चंडी, नालंदा से प्रकाशित-प्रसारित, फोन -09473293572, 9572478372 , ईमेल: navbihardoot@gmail.com, BIHHIN/2019/78160